(e) whether Government are conducting any servey to explore new areas in order to increase the production of petroleum products, if so, what are the details of the results achieved during the last 3 years.

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (c) A statement is attached. (*See* below).

(d) Amongst the steps being taken by the Government to curtail the import and minimise the uses of such petroleum products are :

(i) Intensification of activities relating to exploration and production of crude oil and natural gas.

(ii) Setting up of grass root refineries and expansion of existing refineries;

(iii) Attaching high priority to energy conservation measures in all sectors of economy ; and

(iv) Taking various steps for conservation and Demand Management.

(e) Exploration is going on and to supplement the efforts of the national oil companies 72 blocks have also been offered to Indian and Foreign private companies for exploration under the Fourth Round of bidding.

Statement

Year 1991-92

(Fig. in TMT)

Product	Requirement (Estimated)	Import (Estimated)	Indigenous Production (Est.)
Petrol	3655	Nil	3619
Diesel	22642	5144	17244
Kerosene	8425	3305	5268

The extent of foregin exchange required will depend on the final volume of imports and the international prices from time to time.

पेट्रोल पंप/गैस एजेंसियों का आवंटन

822. डा० अबरार अहमद :
चौधरी हरि सिंह :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के आवंटन के लिए चयन बोर्डों के गठन के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है और इन्हें कब तक तथा किस प्रकार किए जाने की संभावना है ;

(ख) क्या सरकार अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों आदि के उत्थान के लिए उन से संबंध रखने वाले व्यक्तियों को पेट्रोल पंप और गैस एजसियों का आवंटन करने के लिए वचनबद्ध है, यदि हां, तो किस हद तक और ये लाभ उन्हें सुनिश्चित कराने के लिए सरकार क्या तरीका अपनाने का विचार रखती है; और

(ग) देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित किये गये प्रैट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों की कुल संख्या कितनी है और इन में से अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, मुस्लिम समुदाय तथा अन्य पिछड़े समुदायों से संबंध रखने वाले व्यक्तियों को आवंटित पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) :(क) पेट्रोलियम उत्पादों के डीलरों/डिस्ट्रीब्यूटरों के चयन

के लिए एजेंसियों का गठन सरकार के विचाराधीन है ।

(ख) सरकार की वर्तमान नीति के अनुसार डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों का 25% केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है ।

(ग) गत दो वर्षों (1989–90 और 1990–91) के दौरान एल०पी०जी० की 340 डिस्ट्रीब्यूटरशिपें और पेट्रोल/डीजल की 549 खुदरा बिक्री केन्द्रों का आवंटन किया गया था जिसमें से एल०पी०जी० 47 डिस्ट्रीब्यूटरशिपों और 114 खुदरा बिक्री केन्द्रों को अ०जा०/अ०ज०जा० को आवंटित किया गया था अन्य समुदायों के बारे में जानकारी नहीं रखी जाती है ।

Natural Gas in Rajasthan

323. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) the latest position of natural gas reserves found in Rajasthan ; and

(b) the capacity of such reserves and the total amount allotted to such projects for production and research programme ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) and (b) As on 1-1-1991 OIL and ONGC have established in place gas reserves of about 6.68 billion cubic metres and 1.96 billion cubic metres respectively.

कच्चे तेल का आयात

324. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कच्चे तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर होने वाला व्यय पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो 1990–91 और 1991–92 के वर्षों के दौरान देश में आयातित कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का कुल मूल्य कितना था ;

(ग) क्या सरकार ने 1992–93 के आगामी वर्ष के दौरान ऐसे उत्पादों के आयात मूल्य में संभावित वृद्धि का कोई आकलन किया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने आयात व्यय में हो रही वृद्धि को रोकने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किये हैं, यदि हां, तो सरकार द्वारा हाल के वर्षों में किये गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है ;

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) वर्ष 1990–91 के दौरान आयात बिल करीब 10779 करोड़ रुपए का था और वर्ष 1991–92 के लिए इसे 12,000 करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है ;

(ग) वर्ष 1992–93 के लिए आयात बिल वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विद्यमान मूल्यों और आयात की मात्रा पर भिनर्भ करेगा ।

(घ) सरकार ने तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की पांच प्रमुख तेल क्षेत्र विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है अर्थात् पश्चिमी अपतट में नीलम मुक्ता और पन्ना क्षेत्रों के विकास की परियोजनायें और बम्बई क्षेत्र के एल–II और एल–III रिजर्वायरों के अतिरिक्त विकास की परियोजनायें वर्तमान रिफाइनरियों का विस्तारण/अवरोध दूर करके और नई ग्रासरूट रिफाइनरियों को स्थापित करके शोधन क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ।

अपरिष्कृत तेल का उत्पादन लक्ष्य

325. **श्री रणजीत सिंह :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में